an>

Title: Regarding modernization of Police communication.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : उपाध्यक्ष जी, पुलिस संचार के आधुनिकीकरण के लिए स्थलीय ट्रंक रेडियो प्रणाली (टेट्रा) का कार्य गुजरात में प्रगति पर है। इसके कार्यान्वयन के लिए दूरसंचार विभाग (डी.ओ.टी.) केन्द्र सरकार से (कैप्टिव मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा) आवृति लाइसेंस पाने के लिए गुजरात सरकार ने आवेदन किया है। इसके अंतर्गत 09-12-2014 को सभी आवश्यक रूपों और लाइसेंस प्रोसेसिंग फीस डॉट (डी.ओ.टी.) केन्द्र सरकार को दी गई है। उन्होंने चार शहरों जैसे अहमदाबाद, बड़ोदरा, राजकोट और सूरत को दिनांक 11-102014 को मंजूरी दे दी थी। इस संबंध में सभी तकनीकी प्रक्रिया डब्ल्यू.पी.सी. केन्द्र सरकार को पूरी की जा चुकी है। डी.ओ.टी. के लिए सालाना स्पेक्ट्रम शुल्क 18,10,17,817 रुपए पहले ही दिए जा चुके हैं। लेकिन अब जून 2015 में (ए-3) के लिए 31.03.2016 तक और विलंब शुल्क अप करने के लिए, जिसमें स्पेक्ट्रम शुल्क भी शामिल है, इसमें 93,51,17,673 रुपए की राशि की गणना की जा रही है। मेरी विनती है कि इस राशि में से टेट्रा प्रणाली के लिए लाइसेंस जारी करने के आवेदन के साथ स्पेक्ट्रम शुल्क को बकाया राशि से न जोड़ें तथा विलंब शुल्क को हटाने के लिए भी एक पत्र गुजरात सरकार ने भेजा है।

मेरी केन्द्र सरकार के गृह मंत्री जी से आपके माध्यम से विनती है कि गुजरात पुलिस में टेट्रा प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए सभी आवश्यक लाइसेंस जल्द से जल्द भारत के दूरसंचार विभाग द्वारा गुजरात पुलिस को जारी किए जाएं।